# भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर -2025-26

| | | |
|---|---|---|
| **कक्षा-9** | **विभाग: हिंदी** | **Date – 09.11.25** |
| STUDY MATERIAL-4 | **व्याकरण - संधि-स्वर संधि**<br>**वृद्धि, यण, अयादि I** | **Note: Pl. file in portfolio** |

**नाम:** ____________________**अनुभाग:** ______**अनुक्रमांक:** ______**दिनांक:** ___________

## स्वर संधि (contn)

**3)वृद्धि संधि**

**नियम-** अ, आ + ए, ऐ = ऐ

अ, आ + ओ, औ = औ

**उदाहरण-** एक + एक = एकैक

लोक + एषणा = लोकैष्णा

परम + ओज = परमौज

अधर + ओष्ठ = अधरौष्ठ

देव + ऐश्वर्य = देवैश्वर्य

सदा + एव = सदैव

यथा + एव = यथैव

महा + औषध = महौषध

महा + ऐश्वर्य = महैश्वर्य

4) **यण संधि**

**नियम-** इ, ई + कोई भिन्न स्वर = य

उ, ऊ + कोई भिन्न स्वर = व

ऋ + कोई भिन्न स्वर = र

**उदाहरण-** अति + अधिक = अत्यधिक

प्रति + एक = प्रत्येक

यदि + अपि = यद्यपि

इति + आदि = इत्यादि

उपरि + उक्त = उपर्युक्त

सु + अच्छ = स्वच्छ

सु + आगत = स्वागत

अनु + एषण = अन्वेषण

पितृ + आनंद = पित्रानंद

मातृ + आज्ञा = मात्राज्ञा

**5) अयादि संधि**

**नियम-** ए, ऐ, ओ, औ + कोई भिन्न स्वर = अय् , आय् , अव् , आव् ....आदि ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उदाहरण-** | ने | + अन | = नयन |
| | गै | + अक | = गायक |
| | भो | + अन | = भवन |
| | पौ | + अक | = पावक |
| | भौ | + उक | = भावुक |